हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

05 केवट समाज के शपथ ग्रहण में गूंजा जय श्रीराम



06 बलौदाबाजार जिला विकास की पटरी पर, लेकिन ...



# मोदी की गारंटी पूरा करने कर्मचारी फेडरेशन ने उठाई आवाज

## निकाली रैली और 11 सूत्रीय मांगों को पूरा करने मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन के तीसरे दिन भी पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ हड़ताल जारी रही, जिसमें बलोदा बाजार जिले के सभी शासकीय कार्यालय में तालाबंदी रही।

जिले के अलग-अलग विभागों के सभी कैडर के शासकीय कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू करो और अव नई साहिबो डीए एरियर्स ले के रहिबो नारे लगाए हड़ताल के तीसरे दिन सभी शासकीय




### कर्मचारियों से किया वादा निभाये सरकार

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारी ने एक स्वर में कहा कि हमें बार-बार सरकार को चेतावनी दी थी, लेकिन हमारी जायज मांगों को ध्यान नहीं दिया गया। मोदी की गारंटी सिर्फ एक नारा ही नहीं कर्मचारियों से किया गया वादा था, जिसे निभाना ही होगा। अगर तीन दिनों में हमारी बात नहीं मानी गई तो आने वाले समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा तैयार है। तीन दिवसीय इस हड़ताल का आज आखिरी दिन था। फेडरेशन ने एक विशाल रैली निकाल कर सरकार को अपनी ताकत दिखाई, जिसमें हजारों की संख्या में शासकीय कर्मचारियों ने इसमें हिस्सा लिया और एक स्वर में अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौंपा। रैली में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक डॉक्टर एल एस ध्रुव, मनोज कुमार दुबे, संतोष वैष्णव, वायल रॉबर्ट, रमेश नेगी, कामता जांगड़े, भीम सेन, पी के हिरवानी, रामलाल साहू, बी एल दिवाकर, प्रकाश कुमार तिवारी, सुरेश कुमार पैकरा, विजय साहू, अरुण साहू, मनबोध टंडन, माखन चंद्राकर, बालेश्वरी साहू, दिगेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।



दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहा। कलेक्टोरेट, तहसील कार्यालय, स्कूल, अस्पताल और अन्य विभागीय दफ्तरों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। दूर दराज से आये ग्रामीण और आम नागरिकों को खाली हाथ लौटना पड़ा। कर्मचारी फेडरेशन का कहना है कि यह उनकी अस्मिता और वादों को पूरा कराने की लड़ाई है। सरकार में आने से पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में जो संकल्प पत्र बीजेपी ने जारी किया था, उसे लागू करने की कर्मचारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने 25 लीटर महुआ शराब जब्त किया



**बलौदाबाजार**। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में टीम ने ग्राम जोगीडीपा में 25 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार चौकी सोनाखान के ग्राम बासिनपाली में आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी मुकेश कुमार पिता रामदयाल ग्राम जोगीडीपा निवासी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब जब्त की। हाथभट्ठी, कच्ची महुआ शराब का बाजार मूल्य 5 हजार रुपये आंका गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा की भूमिका रही।

### मूरा में जयंती व मड़ई मेला 6 जनवरी को

**बंगोली**। ग्राम पंचायत मूरा में इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन सतनामी समाज व समस्त ग्रामवासी मूरा द्वारा 6 जनवरी को किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब -कैबिनेट मंत्री, अध्यक्षता नवीन अग्रवाल- अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, विशिष्ट अतिथि अनिता योगेंद्र शर्मा- पूर्व विधायक धरसींवा, श्याम नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, कंचन टोकेंद्र गायकवाड़ सरपंच मूरा, संतोषी जगदीश वर्मा उपसरपंच, पंच क्रेशर मालिकगण एवं समस्त ग्रामवासी मूरा की उपस्थिति रहेगी। जयंती में अखाड़ा दल की प्रस्तुति, पंथी एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम वीरेन्द्र चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत आज आएंगे सिरपुर

**महासमुंद**। भारत के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 01 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 09:30 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत 09:55 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 10:05 बजे सिरपुर हेलीपैड महासमुंद पहुंचेंगे। सिरपुर आगमन के पश्चात केंद्रीय मंत्री शेखावत सड़क मार्ग से सर्किट हाउस सिरपुर पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस में दोपहर भोज के लिए समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 01 बजे केंद्रीय मंत्री शेखावत सर्किट हाउस सिरपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 01:30 बजे भोरमदेव मंदिर के हेलीपैड कबीरधाम पहुंचेंगे।

### 25 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद**। ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे सरायपाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और शराब निर्माण की सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाकर बिक्री के लिए रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। यहां एक व्यक्ति मिली, जिसने पूछताछ में अपना नाम देवप्रकाश चौहान पिता राजेंद्र चौहान (21 साल) बाराडोली होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए, एक गैस चूल्हा एवं एक नग एपी कंपनी का गैस टंकी व 6 नग शराब बनाने का छोटा-बड़ा बर्तन कीमत 8500 रुपए कुल 13500 रुपए का सामान बरामद किया गया।

## नववर्ष : पिकनिक स्पॉट्स पर विशेष नजर, 19 पेट्रोलिंग पार्टियां कर रही गश्त

# नववर्ष 2026 पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जिले में पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नववर्ष 2026 के आगमन पर जिले में शांति, कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पूरे जिले को सुरक्षा की दृष्टि से 4 अनुविभागों में बांटकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुभवी अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। इसमें बलौदाबाजार सेक्टर में एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली, पलारी और करहीबाजार क्षेत्र में कड़ा पहरा रहेगा। भाटापारा अनुविभाग में एसडीओपी तारेश साहू के नेतृत्व में भाटापारा शहर, ग्रामीण, सिमगा और सुहेला क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। कसडोल सेक्टर में उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक के निर्देशन में कसडोल, लवन, राजादेवरी, गिधौरी और गिरौदपुरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में



बल तैनात किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अमृत कुजूर के नेतृत्व में यातायात शाखाएं मोडिफाइड साइलेंसर, तेज रफ्तार और ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेंगी। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए जिला पुलिस ने जाल बिछा दिया है। इसके लिए जिले में 19 पेट्रोलिंग पार्टियां बुधवार आज रात 8 बजे से ही जिले के चप्पे-चप्पे पर गश्त शुरू कर दी है। 30 महत्वपूर्ण स्थान जैसे गार्डन चौक, बस स्टैंड, साईं मंदिर चौक (पलारी) और अस्पताल चौक (भाटापारा) जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों को चिन्हांकित कर वहां फिक्स पिकेट्स लगाए गए हैं। कानून व्यवस्था संभालने के लिए जिले भर के प्रमुख पॉइंट्स पर कुल 150 जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।



### पिकनिक स्पॉट्स और पर्यटन स्थलों पर विशेष पहरा

1 जनवरी को नववर्ष के पहले दिन जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारी की गई है। इसके लिए गिरौदपुरी, सोनाखान, तुरतुरिया, बलार डैम, सोनबरसा जंगल, धमनी, बालसमुंद मंदिर और सेमरियाघाट को चिन्हांकित स्थल किया गया है। इन स्थानों पर हुड़दंग रोकने और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त बल तैनात किया गया है।

### पुलिस की जनता से अपील

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। ट्रैफिक नियमों का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपातकालीन स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

# महानदी पुल पर अनियंत्रित हुआ ट्रक, तीन बाइक को रौंदा, महिला घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जांजगीर और बलौदाबाजार जिले को जोड़ने वाले महानदी (शबरी सेतु) पुल पर मंगलवार शाम एक भीषण सड़क हादसा टल गया। अनियंत्रित होकर एक 16 चक्का ट्रक ने जाम में फंसी कई मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है, जबकि दर्जनों लोग बाल-बाल बचे।

मंगलवार शाम करीब 6 बजे महानदी पुल पर वाहनों का भारी दबाव होने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। इसी दौरान शिवरीनारायण की ओर से आ रहे एक 16 चक्का ट्रक सीजी 11 एएल 8265 के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। ट्रक को बेकाबू होकर अपनी ओर आता देख बाइक सवारों में भगदड़ मच गई। दर्जन भर से अधिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रशासनिक अनदेखी और जर्जर सड़क बनी कारण

स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस दुर्घटना के लिए सीधे तौर पर गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की दयनीय हालत को जिम्मेदार ठहराया। बरसात के बाद से ही इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जो अब पोखरों में तब्दील हो चुके हैं। सड़कों की खराब स्थिति के कारण आए दिन भारी वाहन यहां फंस जाते हैं, जिससे घंटों जाम लगा रहता है। लोक निर्माण विभाग की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि शासन-प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद सड़क मरम्मत की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# सारडीह में बड़े भजन मेला का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

ग्राम साराडीह में आयोजित बड़े भजन मेला का भव्य शुभारंभ धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय भूषण पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं भक्तजन शामिल हुए। इस अवसर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय मुख्य अतिथि



# सहायक शिक्षक भर्ती में देरी पर फूटा गुस्सा, युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 को लेकर बीएड और डीएड योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति में हो रही देरी का मामला अब गरमाता जा रहा है। अभ्यर्थियों के समर्थन में बुधवार को जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए गार्डन चौक से पैदल मार्च निकाला और शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि अपनी मांगों को लेकर चयनित अभ्यर्थी बीते 24 दिसंबर से रायपुर के तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि माननीय हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद राज्य सरकार उन्हें नियुक्ति देने में टालमटोल कर रही है। इसी के विरोध में अब राजनीतिक समर्थन भी तेज हो गया है। पैदल मार्च के दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं ने सरकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बारनवापारा अभयारण्य में मिला दुर्लभ ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर : नया रिकार्ड दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैव विविधता से भरपूर बारनवापारा अभयारण्य ने नया रिकार्ड दर्ज किया है। अभयारण्य में पहली बार दुर्लभ ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर का अवलोकन दर्ज किया गया है।

29 दिसंबर की सुबह बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में बर्डर डॉ. दिलीप वर्मा द्वारा ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर का दुर्लभ और महत्वपूर्ण अवलोकन दर्ज किया गया। यह इस प्रजाति का बारनवापारा से पहला प्रमाणित रिकॉर्ड है, जबकि पूरे छत्तीसगढ़ में यह दूसरा पुष्ट अवलोकन माना जा रहा है। डॉ. दिलीप वर्मा द्वारा किए गए इस अवलोकन को फील्ड



फोटोग्राफी साक्ष्यों के साथ विधिवत दस्तावेजीकृत किया गया है, जिससे इसकी वैज्ञानिक पुष्टि संभव हो सकी है। यह रिकॉर्ड भविष्य में पक्षी-विविधता के अध्ययन, संरक्षण योजना निर्माण तथा अभयारण्य प्रबंधन से जुड़े निर्णयों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर सामान्यतः तटीय एवं मैंग्रोव क्षेत्रों से जुड़ी एक दुर्लभ पक्षी प्रजाति मानी जाती है।



आंतरिक भू-भाग में स्थित बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य जैसे क्षेत्र में इसकी उपस्थिति यहाँ की पारिस्थितिक विविधता, जल-आधारित आवासों की उपलब्धता और अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों को दर्शाती है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में इस प्रजाति को कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में क्रोकोडाइल सर्वे के दौरान दर्ज किया गया था जिसे छत्तीसगढ़ से पहला पुष्ट रिकॉर्ड माना गया था।

## 2100 छात्रों ने जाना वीर बाल दिवस का इतिहास

# स्वामी आत्मानंद में गूंजी साहिबजादों की शौर्य गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 से 31 दिसंबर तक जिले भर में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान और साहस से परिचित कराना था।

जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार सन् 1704 में गुरु गोविंद सिंहजी के वीर पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह 9 वर्ष और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह 7 वर्ष ने अल्पायु में ही धर्म की रक्षा के लिए शहादत को चुना। धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया था। उनकी इसी वीरता को नमन करने के लिए हर साल राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस मनाया जाता है।

जिले के सभी विकासखंडों के चयनित 10 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में जागरूकता






सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव की बहादुर बेटियों योगिता मण्डावी एवं हेमवती नाग (राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार विजेता) की जीवनी और उनके संघर्षों के बारे में बताकर छात्रों को प्रेरित किया गया। वीर बाल दिवस थीम पर आधारित रंगोली, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से वीरों को श्रद्धांजलि दी।

जिला बाल संरक्षण इकाई और जिला महिला सशक्तिकरण की संयुक्त टीम ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया। बच्चों को आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी, जिसमें 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 महिला सहायता लाइन, 1091 पुलिस सहायता नंबर है। 30 और 31 दिसंबर को आयोजित समापन कार्यक्रमों में कुल 2100 छात्रों ने हिस्सा लिया। विभाग की इस पहल से न केवल बच्चों को ऐतिहासिक ज्ञान मिला, बल्कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा तंत्र से भी परिचित हुए।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की स्ट्राइक, कोर्ट ने ठोका 32 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान रंग ला रहा है। यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है।

यातायात विभाग द्वारा थाना गिधपुरी और हथबंद क्षेत्र में विशेष चेकिंग पॉइंट लगाए गए थे। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान 3 वाहन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### न्यायालय ने सुनाया भारी अर्थदंड का फैसला

29 और 30 दिसंबर को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इन मामलों में कड़ा रुख अपनाया, जिसमें 2 प्रकरणों में प्रत्येक चालक पर 10 -10 हजार का अर्थदंड लगाया गया। 1 प्रकरण में चालक को 12 हजार के जुर्माने से दंडित किया गया। इस प्रकार तीन चालकों से कुल 32 हजार का जुर्माना वसूलने का आदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी जोखिम में डालते हैं। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आने वाले समय में, विशेषकर नववर्ष के कार्यक्रमों के दौरान, यह चेकिंग अभियान और अधिक सघन किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्रिंक एंड ड्राइव पर हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। लोग नियमों का पालन करें, अन्यथा सख्त कानूनी और वित्तीय कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## खबर संक्षेप



### खरोरा के राम मंदिर में की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** अयोध्या के राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम खरोरा के राममंदिर में भगवान राम की पूजा अर्चना महिलाओं ने की। इस साल प्राण प्रतिष्ठा दिवस 31 दिसंबर 2025 को श्रद्धा, भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। अयोध्या के श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को हुई थी।

### जिले में दिव्यांगजनों की मांगी गई जानकारी

**महासमुंद।** राज्य स्तर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रदान किए जाने की योजना के अंतर्गत जिले से ऐसे दिव्यांगजनों की जानकारी मांगी गई है, जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह ने बताया कि योजना अंतर्गत जिले के वे सभी दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम हाथ अथवा कृत्रिम पैर की आवश्यकता है, वे जिला कार्यालय समाज कल्याण में अपनी जानकारी दर्ज कराते हुए उपकरण प्राप्त कर पाएंगे।

**धर्म कर्म : कृष्ण-सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रोता**

# श्रीमद्भागवत महोत्सव के सातवें दिन कृष्ण-सुदामा चरित्र वर्णन में श्रद्धालुजनों की आंखें हुई नम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में चल रहे श्रीमद भागवत

- कृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है

महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन कथाव्यास आचार्य पंडित दीपक शर्मा ने प्रद्युम्न जन्म, उषा अनिरुद्ध विवाह, सुदामा चरित्र के कथा का सुंदर प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाया। आचार्य शर्मा ने अपने प्रसंग में प्रद्युम्न के जन्म का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न का जन्म हुआ तो द्वारिका नगरी में उत्सव था। इसी बीच जरासंध के इशारे पर शंबासुर प्रद्युम्न को उठा ले गया और समुद्र में फेंक दिया। समुद्र के अंदर एक मछली ने मुंह खोला वैसे ही प्रद्युम्न उसके मुंह में प्रवेश कर उदरस्थ हो गए। उस मछली को एक मछवारे ने पकड़ा और फिर उसे शंबासुर को भेंट कर दिया। शंबरासुर के रसोइये ने जब मछली को काटा तो उसके अंदर से प्रद्युम्न बाहर निकल आए। यह देखकर शंबासुर ने प्रद्युम्न को विद्यावती नामक सेविका को दे दिया। विद्यावती जो कि पूर्व जन्म में कामदेव की पत्नी रति थी, ने प्रद्युम्न को बेटे की तरह पालने लगी। बाद में देवर्षि नारद ने उसे बताया कि जिसे तुम बेटा बनाकर पाल रही हो वह तुम्हारा पूर्व जन्म का पति कामदेव है। प्रद्युम्न बड़े होने पर विद्यावती के साथ द्वारिका पहुंचे। जब प्रद्युम्न बड़े हुए, तो उन्होंने शंबरासुर को चुनौती दी और मायावी विद्याओं से उसका वध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान भक्त की कब आकर रक्षा करते है, पता ही नहीं चलता। 84 लाख योनियों में सिर्फ मनुष्य ही ऐसा जीव है जो प्रेम प्रकट कर सकता है। बिना प्रेम के ठाकुरजी नहीं मिल सकते हैं। अच्छा काम करने वालों पर अक्सर लोग टीका टिप्पणी करते ही हैं। हमें बिना सत्य जाने किसी पर भी आरोप नहीं लगाना चाहिए।

भगवान कृष्णी के पोते अनिरुद्ध और असुरराज वाणासुर की पुत्री उषा की कथा सुनाई। उषा ने सपने में अनिरुद्ध को देखा और उन्हेंक प्रेम हो गया। वाणासुर ने भगवान शंकर की कठिन तपस्यार कर उनसे वरदान में अपार बल और सहस्त्रदबाहु प्राप्त किया था। इससे वाणासुर को बहुत अहंकार हो गया। एक दिन वह भगवान शंकर को ही युद्ध के लिए ललकारने लगा। भगवान शंकर को क्रोध आ गया।


उन्होंने कहा कि तेरे अहंकार को चूर-चूर करने वाला पैदा हो चुका है। जब तेरे महल की ध्व्जा गिर जाए तो समझ लेना कि तेरा शत्रु आ चुका है। अनिरुद्ध भी उषा के सौंदर्य पर मोहित हो गए थे। तभी वाणासुर ने महल का ध्व ज गिरा देखा। असुरराज को संदेह हुआ कि जो कोई मेरे महल में आया है, वही मेरे विनाश करेगा। यही सोचकर युद्ध के लिए अस्त्रज-शस्त्रज के साथ वाणासुर महल में पहुंचा और शिवजी के समझाने पर भी वाणासुर नहीं माना और श्रीकृष्ण से युद्ध करने तैयार हो गया। श्रीकृष्ण ने सहस्त्रबाहु की चार भुजाओं को छोड़कर सभी भुजाओं को काट दिया। वाणासुर को समझ में आ गया कि श्रीकृष्ण वास्तव में परमेश्वर हैं और शरण में आकर क्षमा मांगने लगा। कृष्ण ने वाणासुर को क्षमा दान देकर अनिरूद्ध और उषा का विवाह करवाने का आदेश दिया। विवाह के बाद श्रीकृष्ण अपने पोते और बहू को लेकर द्वारिका आ गए।





**कृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है**

कथा में बताया कि कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता हैं। सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। कृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। उन्होंने कहा कि सुदामा की गरीबी उनके भक्ति मार्ग में कभी बाधा नहीं बनी। सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम ही वह धागा है जिससे ईश्वर को बांधा जा सकता है। आज समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सुदामा के संतोष और कृष्ण की उदारता से प्रेरणा लेनी चाहिए। कृष्ण सुदामा मिलन की सुंदर झांकी के साथ प्रस्तुत किया। वहीं गीत पर भक्त झूमने लगे। पूरा पंडाल जय श्री कृष्णा के जयकारों से गूंज उठा। प्रातः 7 बजे भजन कीर्तन के साथ भागवत महापुराण की महाआरती श्रद्धालुओं ने की। इस अवसर पर आयोजक चंदन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पदमनी चंद्राकर, रीनू चंद्राकर, बबली चंद्राकर, गुलाब कन्नौजे, बलराम पटेल, भूपेश निषाद, गणेश चंद्राकर सहित ग्राम उपस्थित रहे।



### दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** अंग्रेजी भाषा कौशल प्रशिक्षण अकादमी एशिया (भारत) (ईएलएसटीए), ई -लर्निंग प्लेटफार्म द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय सॉफ्ट स्किल्स एंड स्पोकन इंग्लिश इन करियर डेवलपमेंट रहा। संगोष्ठी के दो सत्रों में पॉजिटिव एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स, वर्क एथिक्स बनाए रखना, टीमवर्क की क्षमताएं, और टाइम मैनेजमेंट स्किल्स करियर की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए बहुत ज़रूरी हैं, आदि सभी पक्षों पर चर्चा हुई। प्रथम सत्र के स्पीकर डॉ. गरिमा दीवान गेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज ने अपने व्याख्यान में बताया कि अच्छी इंग्लिश के साथ सॉफ्ट स्किल्स हों तो संवाद और भी प्रभावी बनता है। सॉफ्ट स्किल्स पर्सनैलिटी को मजबूत बनाती हैं। स्पोकन इंग्लिश आपकी बात को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाती है। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में बडी संख्या में प्रदेशभर के महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### बाबा ने सत्य और अहिंसा का दिखाया मार्गः त्रिभुवन

## खैरझिटी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व नपा उपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के ग्राम आगमन पर बाजे-गाजे के साथ व पटाखे चलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जैतखाम में पालो चढ़ाकर व पूजा अर्चना व पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जाति-पाति, ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया। सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हुए मानवता को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ की पावन भूमि गिरौदपुरी में अवतरित बाबा गुरु घासीदास का दर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। इस दौरान नथमल कुर्रे, रामजी कोसले, परदेशी डहरिया, रामबगस कोसले, हरिराम टंडन, राम कुमार टंडन, सम्मय मनहरे, टिकेलाल जलक्षत्री (उपसरपंच), मनीष सिन्हा पूर्व सरपंच, गोविंदा ढीढी, संजय लहरे, सुरेंद्र पाटले, सुरेंद्र डहरिया, टिकेंद्र गायकवाड़, बुधकुमार मारकंडे, सूरज टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### मानवता के पुजारी थे गुरु घासीदासः त्रिभुवन

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में संत शिरोमणि घासीदास बाबा की 269वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा पालो चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। सफेद पोषाक में भक्तों द्वारा शोभयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग उपस्थित थे। महिलांग ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ, जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। महिलांग ने आगे कहा कि बाबा गुरु घासीदास केवल एक संत नहीं, बल्कि विश्व के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, ऊंच-नीच और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि -मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज को सही दिशा देने वाला है। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। महिलांग ने ग्राम विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात भी कही। इस दौरान इस दौरान डॉ. सुंदर साहू सरपंच प्रतिनिधि, मन्नू मारकंडे, देव टंडन पूर्व सरपंच, संतोष साहू, रुपेश मारकंडे, संता राम नवरंगे, भूषण मारकंडे, जीवन टंडन, भुवन टंडन, सोहन मारकंडे, रोहित नवरंगे, अशोक मारकंडे सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुशासन दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी नेशनल इंस्पायरेशन अवॉर्ड से सम्मानित हुए पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण,

- द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका ने देश के 25 लोगों को दिया

शिक्षा, राष्ट्रीय कार्यक्रमों, स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में निस्वार्थ एवं स्वप्रेरित सेवा देने वाले पर्यावरण विद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेषकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका बेतिया पश्चिम चंपारण बिहार द्वारा ऑन लाइन वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन सुशासन दिवस पर अटल बिहारी बाजपेयी नेशनल इंस्पायरेशन अवार्ड से सम्मानित किया। द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका के डायरेक्टर डॉ पूजा गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में डॉ पाणिग्राही ने न केवल छत्तीसगढ़ वरन ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली में पौधे लगाकर तथा मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा आयोजित हिंदी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में डॉ पाणिग्राही द्वारा तैयार एक पेड़ मां के नाम का पोस्टर का विमोचन कर देश के 10 प्रदेशों से आए विद्वतजनों के माध्यम से उनके प्रदेशों को भेजा। गौरतलब है कि सुशासन दिवस पर इस कार्यक्रम में समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्र में सराहनीय कर करने वाले देश के 25 लोगों को सम्मानित किया गया।



### सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ

**महासमुंद।** पं.सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शैक्षणिक सत्र जुलाई से दिसंबर 2026 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की प्रारंभ तिथि 01 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक है। उक्त अवधि में स्नातक पाठ्यक्रम में बीए, बीएससी (गणित/जीवविज्ञान), स्नातकोत्तर पाठ्यक्रय में एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एम काम, एमएससी (गणित), एमएससी (कंप्यूटर साईंस) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल गाइडेंस एंड काउंसिलिंग, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा तथा बी लिब एण्ड आईएससी, मास्टर आफ लाईब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस की विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश लिया जा सकता है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाईट में ऑनलाइन प्रवेश कर सकते है। ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग व विद्यार्थी चालान से भुगतान करना चाहता है तो विद्यार्थी पहले चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कर सकते हैं।

# महायज्ञ का आगाज़, 1008 कलशों की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में तथा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित विराट 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं 700 गर्भवती महिलाओं के विशाल गर्भोत्सव कार्यक्रम के निमित्त नगर में भव्य जल कलश शोभायात्रा निकाली गई।

इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रांत प्रमुख सरला कोसरिया विशेष रूप से सम्मिलित हुईं। शोभायात्रा में सरायपाली क्षेत्र की बहनों द्वारा 1008 कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ नगर भ्रमण किया गया। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल नई मंडी से प्रारंभ होकर पुरानी बस्ती सरायपाली, बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। पूरे नगर में जय मां गायत्री के जयघोष से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। इस अवसर पर आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान की प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कल प्रातः देव स्थापना के पश्चात सुबह 11 बजे सरायपाली क्षेत्र की 700 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार, शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु की तरह गर्भ से ही संस्कार देने की प्रेरणा माताओं को दी जाएगी, ताकि वे संस्कारवान, श्रेष्ठ और राष्ट्रनिर्माता संतान को जन्म दें। ऐसे संस्कारों से युक्त पीढ़ी ही देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी उद्देश्य के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी आव्हान किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे आयोजन को अभूतपूर्व सफलता मिली।



### मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में कराओके के माध्यम से गायन प्रशिक्षण

**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कराओके संगीत के माध्यम से गायन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार के सुमधुर गायन से हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बेल्डीह के शिक्षक एवं गायक तुकाराम ठाकुर तथा छात्राध्यापक दीप्ति ठाकुर को बतौर प्रशिक्षक आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान दोनों प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को कराओके के माध्यम से गीतों का चयन, सुरों की पहचान, माइक्रोफोन के सही उपयोग एवं मंच पर प्रस्तुति देने से जुड़े व्यवहारिक टिप्स प्रदान किए। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों में गीत-संगीत के प्रति रुचि विकसित करने तथा कराओके ट्रैक से परिचित कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत गीत-संगीत ट्रेड को चयनित किया गया है। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में संगीत की मूलभूत समझ विकसित हुई है और वे कराओके ट्रैक के माध्यम से आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षक तुकाराम ठाकुर को व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत सुर-संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं कला-संस्कृति में योगदान के लिए शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं तबस्सुम शेख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख हेमंत खुटे द्वारा किया गया।

### मरार समाज की पारिवारिक बैठक हुई

**नर्रा।** स्थानीय ग्राम नर्रा के रामनगर परिहा मरार समाज के पारिवारिक बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें समाज के संस्थापक एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल शामिल हुए। इसके बाद समाज के अराध्य मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना की। समाज प्रमुखजनों का स्वागत गुलाल रोली चंदन किया गया। मां भगवती शाकंभरी देवी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक एवं संयोजक लोचन पटेल ने मां भगवती शाकंभरी देवी के बारे में पुराणों में वर्णित बातों को बताया और उन्होंने ये भी बताया कि अभी शाकंभरी नवरात्र मनाया जा रहा।

# खरतोरा में तीन दिवसीय सत्संग ज्ञान यज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

ग्राम खरतोरा में तीन दिवसीय सत्संग ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन 1 से 3 जनवरी तक रखा गया है। समारोह में पंथ श्री सुदर्शन नाम साहेब धाम कबीर आश्रम रतनपुर संत प्रेमदास शास्त्री साहेब और चरौदा आरंग के संत प्रहलाद विशाल वैष्णव मंडली के साथ शामिल होंगे। पहले दिन 1 जनवरी को अग्नि माता महिला मंडल द्वारा कलश यात्रा निकाली जायेगी, इसके बाद संगीत एवं संतों द्वारा सत्संग प्रवचन होगा, साथ ही रात्रि 7 बजे से पंडवानी का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 2 जनवरी को प्रातः गुरू महिमा पाठ, 11 बजे से भजन संगीत एवं संतों द्वारा सत्संग प्रवचन होगा और रात में कबीर भजन गायन होगा। तीसरे दिन 3 जनवरी को सुबह शोभा यात्रा, दोपहर भजन संगीत एवं सत्संग प्रवचन एवं सायंकाल स्वात्विक यज्ञ, आनंद चौका आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम का आयोग समस्त ग्रामवासी खरतोरा है।

## पेज 3 का शेष

### मोदी की गारंटी...

संगठनों ने मांग की मांगों को लेकर घमासान मचा हुआ है। फेडरेशन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान जो वादे किए गए थे, अब तक धरातल पर नहीं उतारा गया है। डीए और लंबित एरियर्स की राशि के कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, उनकी मुख्य मांगों में चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों को तत्काल लागू करना लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति को दूर करना केंद्र के समान महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता की मांग कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्लेसमेंट कर्मचारियों को परमानेंट करना महत्वपूर्ण मांग शामिल है।

### महानदी पुल पर...

बाइक सवार अपनी गाड़ियों को मौके पर ही छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। ट्रक ने सामने खड़ी तीन बाइकों को सीधे चपेट में ले लिया। पीछे बैठी एक महिला समय रहते भाग नहीं सकी और ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गई। उसके हाथ, पैर और कमर में चोटें आई हैं। ट्रक के अगले पहियों में दो बाइक फंस गईं, जिससे ट्रक की रफ्तार थम गई और एक बड़ा नरसंहार होने से रुक गया। गौरतलब है कि 1 फरवरी से शिवरीनारायण में विशाल माघी पूर्णिमा मेले का आयोजन होना है। यह मार्ग श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मुख्य रास्ता है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो मेले के दौरान बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि यहां चलना मौत को दावत देने जैसा है। नेता और अधिकारी सब मौन हैं।

### साराडीह में बड़े...

पर रामनामी समाज के बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नाम-नाम संकीर्तन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। संकीर्तन के माध्यम से भगवान राम के नाम की महिमा का गुणगान किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने राम नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम नाम मानव जीवन को सत्य, संयम, सदाचार और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इस दौरान केराबाई मनहर कामदा जोल्हे अरुण यादव भरत जटवार समीर ठाकुर वेदराम जांगड़े सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रही।

### सहायक शिक्षक भर्ती...

पर निशाना साधते हुए कहा कि योग्य अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सहायक शिक्षक भर्ती की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल शुरू किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद भी नियुक्ति में देरी से प्रदेश के शिक्षित युवाओं में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने अभ्यर्थियों की मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सुरेंद्र जायसवाल, राजा तिवारी, रविंद्र नामदेव, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, प्रवीण सेन, गोल्डी मरैया, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, हेमंत वर्मा, किशोर नवरंगे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शराब पीकर वाहन...

चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को विधिवत जब्त कर मामला माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## खबर संक्षेप

### भावा में मड़ई मेला आज

**पटेवा।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भावा में मड़ई मेला का आयोजन 1 जनवरी 2026 को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रातःकालीन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि देवकी प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य, मंडल मंडल अध्यक्ष दिगेश्वर चंद्राकर, सुनील पटेल, डॉ सोमनाथ सिंह, मनोहर साहू, ओसराम साहू, लोकनाथ पटेल, सलीम साहू, धनराज बनर्जी, नितिन बनर्जी होंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप करेंगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलकान्त साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता सरपंच आशाबाई ठाकुर, विशेष अतिथि लक्ष्मण पटेल, अमर चंद्राकर, मोहित ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, सौरभ लोधी, उमेश साहू, ईश्वर साहू, रोहित पटेल, गजानन साहू होंगे। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ लोक कला मंच राजनांदगांव पूनम तिवारी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में इंदल साहू, सेवाराम साहू, जागेश्वर पटेल, घांसू दीवान, प्यारी पटेल, बेनीराम साहू, तिलक महानंद, वेदू राम यादव, उम्मीद दीवान, हीरामणि पटेल, संतोष, महेश निषाद, प्रेम पटेल आदि जुटे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी अधिवक्ता प्रेम पटेल ने दी है।

### कलेक्टर कार्यालय में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा सत्याग्रही किसानों का प्रतिनिधिमंडल 30 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय महासमुंद के जनदर्शन में पहुंचे। जहां किसानों ने 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ महतारी को बंदी बनाने के विरोध में करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड के सत्याग्रही किसानों ने दंडाधिकारी जांच की मांग की। साथ ही राजधानी रायपुर के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में 12 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है। सत्याग्रही किसानों ने छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो फ्रेम भेंटकर कलेक्टोरेट प्रांगण में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की मांग की। किसानों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई के साथ खैरागढ़, तमनार का उदाहरण देते हुए अवैध करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड के समस्त अवैधानिक कार्य को संरक्षण देने व कार्रवाई नहीं होने पर किसानों द्वारा बड़ा निर्णय लेने की बात कहीं। करोड़ों रुपए की शासकीय सम्पत्ति, आदिवासी किसानों की भूमि, काबिल कास्त भूमि, नेशनल हाइवे की भूमि, सिंचाई विभाग के नहर नाली भूमि, वन भूमि को आर्थिक भ्रष्टाचार कर कब्जा कराया है।

### गुड़ेलाभाठा में कबड्डी स्पर्धा का निखिल ने किया शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम गुड़ेलाभाठा (झलप) में आयोजित महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने ग्राम देवताओं की पूजा कर स्पर्धा का शुभारंभ किया। नपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता मिट्टी से जुड़ी खेल है। इससे मन-मस्तिष्क के साथ शरीर स्वस्थ व फिट रहता है। गुड़ेलाभाठा के युवा स्पोर्ट्स टीम के सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं। गाँव में खेल स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां के युवाओं द्वारा हमेशा कराया जाता है।

# अनादि मानव अधिकार फेडरेशन के सम्मेलन में मनवाधिकार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन ने द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड स्थित कैफेटेरिया हॉल में आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद जांजगीर लोकसभा कमलेश जांगड़े उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के राष्ट्रीय संरक्षक सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एआर बंजारे ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान गाया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि कमलेश जांगड़े ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र की पूजा अर्चना की।

कार्यक्रम में सांसद ने मानवाधिकार, भारत के संविधान और डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रजातांत्रिक अमूल्य योगदान पर अपना विचार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम में जरूरतंदों को बांटा गया कंबल और शाल

### कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग हुए शामिल

फेडरेशन की ओर से कार्यक्रम में आए हुए लगभग 20 जरूरतमंदों को कंबल और साल वितरित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक लोग शामिल हुए थे, जिनके लिए भोजन की भी व्यवस्था फेडरेशन द्वारा की गई थी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुशील बंजारे, प्रदेश प्रभारी अनाम दास जारकड़े, प्रदेश प्रवक्ता सूर्या बरेठ, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत कुर्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा इनके अथक प्रयास, परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्थानीय निवासी दिनेश शर्मा ने किया।



कार्यक्रम को राष्ट्रीय संरक्षक एवं विधिक सलाहकार एस आर बंजारे सेवानिवृत्ति जिला सत्र न्यायाधीश ने संबोधित कर संविधान के महत्व को संक्षिप्त में बताया। यह स्पष्ट किया कि मानवाधिकार के राष्ट्रीय पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर ही थे, जिन्होंने संविधान के माध्यम से हम सभी देशवासियों को मानवाधिकार प्रदान किया। महासंघ के प्रदेश प्रभारी अनामदास जारकड़े ने फेडरेशन के 2 वर्ष की गतिविधियों और उपलब्धियों के संबंध में अपना विचार विस्तृत रूप से व्यक्त किया। महासचिव सुशील बंजारे ने अपना विचार प्रकट करते हुए संघ के एकजुट होकर छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांतों तमिलनाडु, केरल और दिल्ली से जुड़े हुए सदस्यों का जिक्र किया और पदाधिकारियों के बढ़ते योगदान के संबंध में उदाहरण सहित चर्चा की।

**आयोजन:** समाज के नव-मनोनीत पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

# केवट समाज के शपथ ग्रहण में गूंजा जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कसडोल विधानसभा के अंतर्गत चंगोरी लवन परिक्षेत्र के केंवट निषाद समाज का शपथ ग्रहण समारोह चंगोरीपुरी धाम के सामाजिक भवन में हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के 50 गांवों से आए स्वजातीय जनों की उपस्थिति ने एकता और संगठन का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की स्तुति और आराधना के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि धनीराम धीवर और केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के पदाधिकारियों का पुष्पमाला, अबीर-गुलाल और तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में रोशनी लकेश मांझी सरपंच, महासिंह यादव भाजपा नेता, भारत रजक सहित समाज के विभिन्न परिक्षेत्रों के अध्यक्ष व पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।




### इन पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ

प्रोफेसर शांति कुमार कैवर्त्य व अन्य अतिथियों ने नव-मनोनीत पदाधिकारियों को समाज के उत्थान और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से शामिल हैं, जिसमें अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य, उपाध्यक्ष बंशी कैवर्त्य, परदेशी कैवर्त्य, सचिव चंद्रप्रकाश कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष बिसाहू कैवर्त्य, प्रवक्ता दिनेश कैवर्त्य, गुरुदयाल कैवर्त्य। इसी तरह महिला शक्ति में उपाध्यक्ष परमेश्वरी व संतोषी कैवर्त्य, सचिव कुसुम कैवर्त्य, प्रवक्ता निर्मला कैवर्त्य। इसके साथ ही संगठन मंत्री, सलाहकार और कार्यकारिणी सदस्यों ने भी जिम्मेदारी संभाली।

### 50 गांवों के सामाजिक सदस्यों की रही उपस्थिति

समारोह में चंगोरी, पैसर, सेमरिया, सुनसुनिया, कोयदा, सिरियाडीह, लाटा, तिल्दा, अमलीडीह, गंगई, सरखोर और डोंगरीडीह सहित परिक्षेत्र के 50 गांवों के हजारों ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच पर केंद्रीय संरक्षक बहरता राम कैवर्त्य, महासचिव रमेश चंद्र, प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी सहित कई वरिष्ठ नेता और समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही। लवन थाना प्रभारी अमित पाटले के निर्देशन में एएसआई गांधी राम बंजारे, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता और प्रवीण यादव सहित महिला आरक्षकों की टीम तैनात रही। समाज के पदाधिकारियों ने सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस बल का आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू सम्मेलन पर नगर में निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संत माता कर्मा बस्ती स्थित झूलेलाल मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर नेहरू वार्ड से भव्य शोभायात्रा निकलकर झूलेलाल धाम पहुंची। इसके पश्चात झूलेलाल मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का समापन समारोह हुआ। उक्त कार्यक्रम में नगर के समाजसेवियों का भी अभिनंदन किया गया। सम्मेलन की प्रस्तावना हिन्दू सम्मेलन समिति के संयोजक आशीष जायसवाल ने रखी। प्रस्तावना में उन्होंने बताया हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। वास्तव में हिंदू एकता का सरल सहज तात्पर्य राष्ट्र एकता और अखंडता से है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रकाश मिश्रा उच्च न्यायालय अधिवक्ता उपस्थित थे। उन्होंने देश की संप्रभुता और देश के गौरवशाली इतिहास को सामने रखा और आने वाली पीढ़ी के लिए हिंदुत्व की विचारधारा के महत्व को समझाया। सम्मेलन में अतिथियों के रूप में सतनाम समाज से टेकराम मिरी, समाजसेवी भागसिंह सलूजा, साहू समाज से वरिष्ठ रामलाल साहू, पूज्य बिरादरी पंचायत अध्यक्ष भीषम गुरयानी, प्रेस क्लब के संरक्षक संतोष अग्रवाल, कथावाचक हरगोपाल शर्मा, नगर संघ चालक संतोष पाण्डेय व जिला प्रचारक विवेकानद निर्मलकर नगर कार्यवाह रविन्द्र शर्मा, परिचय मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सोमेश सिन्हा ने किया। आभार समाज सेवी नरेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

# छात्रों ने सीखी कम्प्यूटर हार्डवेयर और मेंटनेस की कला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय वर्कशाप कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटनेस कम्प्यूटर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। वर्कशाप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर एप्लीकेशन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटनेस के कौशल से विकसित करना था।

इस वर्कशॉप इंस्टीट्यूट, कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आईटीआई एवं जीएनए कालेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वर्कशाप के मुख्य वक्ता बीएस ठाकुर ने कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी और कम्प्यूटर के पार्टस से अवगत कराया व सिस्टम असेम्बलिंग एवं समस्या निवारण सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन, इंटरनेट कनेक्शन और प्रिन्टर तथा कम्प्यूटर के आंतरिक तकनीकी जानकारी प्रदान की। वर्कशाप के समापन पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चैहान तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक तथा कम्प्यूटर विज्ञान के सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे, सरोजनी वर्मा, गुलशन कुमार, ऋषभ कुमार, गुलशन जैन, गौकरण यादव, मोरजध्वज जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।



# चालिहो महोत्सव में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

चकरभाठा स्थित अमरधाम आश्रम में आयोजित चालिहो महोत्सव में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री झूलेलालजी के चरणों में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की तथा लाल साईंजी का आशीर्वाद लिया। चालिहो महोत्सव भक्ति, साधना एवं आत्मिक शुद्धि का अनुपम पर्व है, जो समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक चेतना के संचार का माध्यम बनता है। इस अवसर पर आश्रम परिसर में व्याप्त भक्तिमय वातावरण, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की गहन आस्था ने सभी को आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने, आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने तथा हमारी सनातन परंपराओं को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुख, समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की।

# दो विकास कार्यों का पूर्व विधायक शिवरतन और अश्वनी शर्मा ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नगर में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

नगर पालिका भाटापारा के अंतर्गत सुभाष वार्ड में 35 लाख की लागत से किए जाने वाले गौधाम विकास कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। यह परियोजना गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल है। इसके पूर्ण होने से गौमाता के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही नगर पालिका भाटापारा के अंतर्गत धुरंधर वार्ड में 4.43 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में किया गया। नगर पालिका द्वारा जनहित में किए जा रहे ये विकास कार्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और नगर पालिका द्वारा किए जा रहे ये कार्य जनभावनाओं के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एवं गौधाम विकास जैसे कार्य न केवल आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और मानवीय सोच को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आदर्श नगर बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि, नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, गौधाम, स्वच्छता एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से भाटापारा को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं समृद्ध नगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सभापति गोविंद पटेल, पार्षद रामशिला साहू, बब्बू मंधान, प्रत्येश राठौर, उमाशंकर वर्मा, राजेश साहू, नानक राम साहू, किशन साहू, गौरीशंकर शर्मा, गिरवर कटारे, दिलीप यादव, लिकेश साहू, देवेंद्र साहू, शुभम राजपूत, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, सुरेंद्र डागोर, पीयूष साहू, अजय यादव, राजा कामनानी, आयेशा खान, मधु सोनी, रागिनी डोडे, नीरा साहू, शकुन ध्रुव, अंजनी जायसवाल, तनुजा धृतलहरे, अभिषेक मिश्रा, संकेत उपाध्याय, छोटू साहू, अनिल यादव, अमितेश, मयंक, अभिषेक ठाकुर, आकाश पांडेय समस्त गौसेवक एवं वार्डवासी मौजूद थे।

# सेल में तीन दिवसीय नागलीला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक तीन दिवसीय नागलीला का शुभारंभ हुआ। नागलीला देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा। स्थानीय बजरंग चौक सूतियापारा के मोहल्ला में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। इसमें सूतियातालाब नागलीला का परिक्रमा की गई। कीर्तन पार्टी में भजन कीर्तन गाते हुए तालाब में परिक्रमा की गई। नागलीला में भगवान विष्णु माता लक्ष्मी एवं देवी का तालाब का चारों तरफ पूजा अर्चना करते हुए परिक्रमा की गई।

आसपास के ग्रामीणों को नागलीला देखने के लिए आमंत्रित किया गया हैं। शाम 6 बजे मुख्य अतिथि अतिथियों ने पहुंचने जमकर आतिशबाजी के साथ फुलमलाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव, उपसरपंच पंकज पैंकरा, जीवन लाल रात्रे रहे। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी महेश्वर साहू मंडी प्रभारी सेल, अनिल कैवर्त्य, जगेश जायसवाल, महेश्वर जायसवाल, सूरज कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, भास्कर जायसवाल, सहित समस्त ग्रामवासी सूतियापारा सेल सम्मिलित हैं। थलेंद्र कुमार जायसवाल, ईशांत संजू जायसवाल, शुभम साहू, मनीष कुमार साहू, मोहन जायसवाल, दिनेश कुमार जायसवाल, हिमांशु साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए थे।





# क्रिकेट स्पर्धा में रायखेड़ा का शानदार प्रदर्शन, ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम देवसुन्दरा में देव प्लेइंग 11 के तत्वावधान में आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में रायखेड़ा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में रायखेड़ा ने अनुशासित खेल, सटीक गेंदबाजी और आक्रामक बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। प्रतियोगिता में सोनारदेवरी की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चंडी की टीम ने कड़े मुकाबलों के बाद तीसरा स्थान प्राप्त कर दर्शकों की सराहना बटोरी। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने खेल कौशल के साथ-साथ आपसी भाईचारे और अनुशासन का भी परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में यश पांडेय, अजय बाघमार, बालमुकुंद यदु, देवचरण साहू, राजमुकर वर्मा, शिवलाल साहू, भूषण वर्मा, नीलकंठ यादव, खिलेश्वर साहू, आयोध्या पांडेय एवं भोला मानिकपुरी शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धन्नू साहू ने अपने उद्बोधन में कहा ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी सिखाता है। देवसुन्दरा में आयोजित यह क्रिकेट प्रतियोगिता निश्चित ही क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

अ.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2025-26
ग्राम- खुरदरहा तहसील-भटगांव

रमशीला साहू पति श्यामलाल जाति तेली, साकिन भटगांव तहसील भटगांव, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) ...... अपीलार्थीनी

विरूद्ध

1. अग्नु पिता गोकुल,
2. सकिला पिता गोकुल,
3. लोधी पिता बरतराम,

सभी जाति तेली साकिन घटमड़वा, तहसील टुण्डरा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ..... उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी रमशीला साहू पति श्यामलाल जाति तेली साकिन भटगांव तहसील भटगांव जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा न्यायालय तहसीलदार भटगांव के रा.प्र.क्र. 202509321200007 अ/6 (अ) वर्ष 2024-25 में पारित आदेश दिनांक 10/09/2025 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया है। फलस्वरूप प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त हितबद्ध पक्षकार नियत दिनांक 05/01/2026 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति अथवा जवाब प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़

**न्यायालयः - व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी भटगाँव, जिला - सारंगढ़- बिलाईगढ़**

व्यव. प्र.क्र. 04 ए /2025
प्रोसेस क्रमांक- -431/2025
पेशी तारीख- 07.01.2026

**हेम बाई वगै.**
**विरूद्ध**
**आम जनता**

वादी ने आम जनता के विरूद्ध एक आवेदन पत्र (दावा वास्ते धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधि. 1872 बाबत) हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख-07.01.2026 को दिन के प्रातः 11:00 बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है आप स्वयं इस न्यायालय में या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश किये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें।

आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो उक्त वाद की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थिगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 17.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

तारीख :- 17.12.2025

मुहर
न्यायालय

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 जनवरी 2026 SHOW TIME
धुरंधर
शो समय -02:45, 09:00 PM
इक्कीस
शो समय - 12:00, 6:00 PM, 9:00 PM
धनेश के आराधना सीजी
शो समय - 12:00, 03:00 PM
तु मेरी मैं तेरा मैं तेरा तु मेरी
शो समय - 06:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### केडीवी मिशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**भाटापारा।** साहू भवन बलौदाबाजार में केडीवी मिशन की आवश्यक हुई, जिसमें कबीरपंथी, कबीर आश्रम और महंतो की सर्वे की समीक्षा, केवीडी मिशन प्रतिनिधियों का आई कार्ड बनाने, चादर तिलक के प्रचार हेतु बैनर पोस्टर लगाना, चादर तिलक आयोजन हेतु बलौदाबाजार जिला की भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाटापारा से मोहित साहू, राजा, गोविंद निषाद, भुनेश्वरी पूजा साहू, ममता साहू, भोगलाल, सुनीता संतोष साहू , केशव, रवि, हीरा, चम्पा, मुन्नी साहू आदि शामिल हुए।

### एबीसी के छात्रों ने स्वच्छता पर की चित्रकारी



**खरोरा।** स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का राज है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान बरौडा द्वारा समय-समय पर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। अक्टूबर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके बाद 29 दिसम्बर को स्वच्छता पर ही चित्रकारी का आयोजन किया गया। एबीसी स्कूल के छात्रों द्वारा ड्राइंग में गांधीजी के सपनों का भारत, प्रदूषण मुक्त भारत, कूड़ा - करकट का उचित निपटान व अन्य चित्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। चित्रकारी में प्रथम स्थान एशानी ओगरे, आदित्य वर्मा द्वितीय और श्रुति कुमारी को तीसरा स्थान मिला। इन विजेताओं को आईसीएआर द्वारा नगद राशि दी जायेगी। एबीसी स्कूल के डायरेक्टर व सीईओ ने आईसीएआर का आभार करते हुए आगामी दिनों में भी इस प्रकार का आयोजन कराने की आशा व्यक्त किये।

### पनगांव में पंथी नृत्य का आयोजन आज

**पनगांव।** ग्राम पनगांव में गुरुवार को भव्य पंथी नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के पंथी दलों, सतनामी समाज के लोगों एवं समस्त ग्रामवासियों में विशेष उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के अंतर्गत पालो चढ़ावा सायं लगभग 4 बजे संपन्न होगा, जबकि पंथी नृत्य का शुभारंभ सायं 6 बजे से किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक तथा अध्यक्षता पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत की सरपंच सावित्री रामलाल कुर्रे, ओमप्रकाश कुर्रे, चंद्रिका बंजारे, मंगलूराम बंजारे, ग्राम के छड़ीदार गोविंद डहरिया, भंडारी गणेश राम जोलहे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की कड़ी में रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार श्याम कुटेलिहा अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### ज्ञानोदय विद्यालय हिरमी में वार्षिकोत्सव कल

**हिरमी रावन ।** ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में 2 जनवरी शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, नाटक व गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से होगी। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## कई बड़ी योजनाएं अब भी फाइलों में अटकी

# बलौदाबाजार जिला विकास की पटरी पर, लेकिन कई सपने अब भी अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साल 2025 जिले के लिए आधारभूत ढांचे, शिक्षा और खेल सुविधाओं के लिहाज से निर्णायक साल रहा। वर्षों से फाइलों में दबे कई प्रोजेक्ट्स को इस साल न केवल मंजूरी मिली बल्कि जमीन पर काम भी शुरू हुआ। रेलवे लाइन विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग, खेल सुविधाएं और शिक्षा से जुड़े फैसले जिले के भविष्य की दिशा तय करते दिखे। हालांकि, यह भी सच्चाई है कि कई बड़ी घोषणाएं अब भी उम्मीद बनकर 2026 की ओर टकटकी लगाए बैठी हैं।




## साल 2026 में है यह उम्मीदें

**उद्यानिकी कॉलेज : किसानों के लिए उम्मीद**

पनगांव बाईपास में 7 एकड़ में बनने वाला सरकारी उद्यानिकी कॉलेज किसानों और छात्रों दोनों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। सवाल यही है कि क्या निर्माण कब शुरू होगा..?

**मेडिकल कॉलेज : अब सिर्फ घोषणा नहीं, ठोस फैसला चाहिए**

लाहोद में चिन्हांकित 25 एकड़ भूमि के बावजूद मेडिकल कॉलेज अब तक सिर्फ संभावना बना हुआ है। जिले को अब घोषणाओं से आगे बढ़कर वास्तविक क्रियान्वयन की दरकार है।

**ग्रामीण व यातायात थाना : सुरक्षा की जरूरत**

जिला मुख्यालय में ग्रामीण थाना और यातायात थाना खुलने की मांग लंबे समय से उठती रही है। 2026 में अगर यह पूरा होता है तो कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण में बड़ा सुधार संभव है। अभी जिला मुख्यालय और आस पास के गांव सिर्फ सिटी कोतवाली थाना पर निर्भर है।

**हाईटेक बस स्टैंड की उम्मीद**

प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैंड यात्रियों की सुविधा के लिए जरूरी है। जीपीएस से लैस बसों और आधुनिक टर्मिनल की योजना आकर्षक है, लेकिन इसे धरातल पर उतारना प्रशासन की असली परीक्षा होगी। 2025 ने जिले को विकास की दिशा दिखाई है, लेकिन 2026 यह तय करेगा कि ये योजनाएं इतिहास बनेंगी या फिर सिर्फ घोषणाओं की सूची में जुड़ जाएंगी। अब जरूरत है समयबद्ध क्रियान्वयन, पारदर्शिता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की ताकि बलौदाबाजार भाटापारा जिला वाकई विकास की मिसाल बन सके।

## 2025 में क्या मिला

**रेलवे लाइन : वर्षों की मांग को मिली गति**

खरसिया–नया रायपुर–परमालकसा 5वीं एवं 6वीं रेलवे लाइन परियोजना के लिए जिले में भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होना बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। 278 किलोमीटर लंबी इस परियोजना से जिले की औद्योगिक, व्यापारिक और रोजगार संभावनाओं को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। सवाल बस यही है कि अधिग्रहण की प्रक्रिया कितनी तेजी से पूरी होती है।

**NH-130B : चार लेन से बदलेगा जिले का नक्शा**

सारंगढ़ से रायपुर तक बलौदाबाजार होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-B को फोर लेन की मंजूरी मिलना विकास की रीढ़ साबित हो सकता है। भूमि अधिग्रहण लगभग पूरा हो चुका है और 2026 में निर्माण शुरू होने की संभावना है। यह सड़क सिर्फ सफर आसान नहीं करेगी, बल्कि जिले की आर्थिक धड़कन भी तेज करेगी।

**खेलों में निवेश: प्रतिभाओं को मिलेगा मंच**

डीके कॉलेज के पीछे आउटडोर स्टेडियम में 8 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 400 मीटर, आठ लेन वाला सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक जिले के खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक सौगात है। केन्द्र सरकार की खेलों इंडिया स्कीम के तहत 8 करोड की लागत से 400 मीटर के ट्रैक आठ लेन निर्माण हो रहा। इस सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के लिए 6 करोड 50 लाख केन्द्र सरकार व डेढ करोड रूपये डीएमएफ फंड से जारी होगें।खेलो इंडिया योजना और डीएमएफ फंड से मिलने वाली राशि यह संकेत देती है कि अब खेल को भी करियर के रूप में गंभीरता से लिया जा रहा है।

**शिक्षा : नींव मजबूत, मंजिल अभी दूर**

जिले में बी-ईडी कॉलेज खोलने की घोषणा दशहरा मैदान में सीएम विष्णु देव साय द्वारा किया गई थी। इस सत्र से अस्थाई भवन में शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही अस्थाई भवन में केंद्रीय विद्यालय में भी इस शैक्षणिक सत्र से पहली से कक्षा पांचवीं तक प्रवेश की उम्मीद है। सुहेला में नवीन महाविद्यालय की घोषणा हुई। जिला मुख्यालय में राजधानी के नालंदा परिसर की तर्ज पर अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण शुरू हो गया है। इस साल निर्माण पूर्ण होने की संभावना है। इन फैसलों से उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में जिले को मजबूती मिली है। ये सभी फैसले शिक्षा के क्षेत्र में उम्मीद जगाते हैं। लेकिन तकनीकी और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की कमी अब भी एक बड़ा सवाल है।

**बाईपास सड़क : राहत की राह**

कुकुरदी चौक से पनगांव तक बाईपास सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू होना शहरवासियों के लिए राहत की खबर है। इसके पूरा होने से शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद है।

# किसान आधुनिक खेती कर अधिक लाभ कमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

■ विश्व किसान दिवस पर वामन टिकरिहा का किया गया सम्मान

विश्व किसान दिवस पर वामन टिकरिहा का सम्मान हिरमी में किया गया। वामन टिकरिहा ने कहा कि आज सभी किसानों को आधुनिक खेती करनी चाहिए। हम आज भी सिर्फ एक ही फसल लेकर चुप बैठ जाते हैं, जिससे हम सदा घाटे में रहते हैं। आज के आधुनिक युग में फसल चक्र में परिवर्तन की आवश्यकता है। आधुनिक खेती से कम लागत में ज़्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। हमें दलहन-तिलहन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और रासायनिक खाद और दवा से बच कर जैविक खेती कर जैविक खाद और जैविक दवा का उपयोग करना चाहिए। वामन टिकरिहा ने कहा कि आधुनिक तरीके में ही खेती का भविष्य, आज खेती के लिए कृषि मजदूरों की भारी कमी है, जब हम आधुनिक खेती करेंगे तो लागत कम आयेगी और खेत की उर्वरा क्षमता बढ़ेगी और फायदा भी ज्यादा होगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अयाज अहमद फ़ारूक़ी ने कहा कि आज रासायनिक खाद और दवा के अंधाधुंध उपयोग से खेत बंजर होते जा रही है। साथ ही शरीर में भारी दुष्प्रभाव होता है, इसलिए हमें आधुनिक खेती के साथ ही जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए । उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग जागरूक हो गए है, वो जैविक खेती के उत्पाद को खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं जो अच्छा संकेत है। भाटापारा कलार समाज मंडलेश्वर प्रेम लाल सिंहा ने कहा कि आधुनिक कृषि और जैविक खाद के प्रयोग के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को भी प्रयास करना चाहिए, जिससे लोगो में जागरूकता आये कार्यक्रम को पूर्व जनपद सभापति प्रतिनिधि तिमिर उपाध्याय, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रवि अनंत, हरीश वर्मा, संतोष चंद्राकर, मुनि राम वर्मा, कमलेश जायसवाल ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन सुहेला युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पिकेश जायसवाल, आभार प्रदर्शन दुष्यंत जोशी ने किया । कार्यक्रम में नरेश धीवर, यशवंत ध्रुव, बैशाखू बंजारे, दया राम यदु, टिकेश्वर सेन, चेतन साहू, पारख निर्मलकर उपस्थित थे।



# हरिभूमि समाचार पत्र के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन बुधवार को कृष्णायन कॉलोनी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेश नितिन त्रिवेदी तथा युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र बंजारे ने संयुक्त रूप से कैलेंडर का विमोचन किया।

इस अवसर पर हरिभूमि के ब्यूरो चीफ दलजीत सिंह चावला, संकलनकर्ता देवेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र जायसवाल, प्रवीण सेन, गोल्डी मरैय्या, विधानसभा अध्यक्ष सूर्या वर्मा, हेमंत वर्मा, शैलेन्द्र ध्रुव एवं पुलकित वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर 2026 में प्रमुख तीज-त्योहार, हिंदी एवं अंग्रेजी तिथियां, चंद्र स्थिति, भद्रा योग, मासिक राशिफल तथा विभिन्न कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त को प्रत्येक माह सुव्यवस्थित रूप से प्रकाशित किया गया है।

कैलेंडर की आकर्षक डिजाइन, उच्च गुणवत्ता वाली बाइंडिंग और शानदार प्रस्तुति की उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। साथ ही हरिभूमि समूह द्वारा समाचारों के साथ-साथ पाठकों को समय-समय पर रोचक एवं उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने और प्रकाशन की गुणवत्ता एवं मानकों को लगातार बेहतर बनाए रखने के प्रयासों की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।



# हादसे को न्योता देता ट्रांसफॉर्मर जपं अध्यक्ष की पहल पर हुआ ठीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत के वार्ड 2 में पिछले करीब 9 महीनों से बिजली का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। ट्रांसफॉर्मर की हालत इतनी खराब थी कि उससे सटकर रोजाना गायों की मौत हो रही थी और आम नागरिकों की जान को भी गंभीर खतरा बना हुआ था। स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी। इसी बीच इस जानलेवा ट्रांसफॉर्मर को लेकर सोशल मीडिया में चली खबर देखते ही देखते वायरल हो गई और जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल तक पहुंची। खबर का संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके बाद एक ही दिन में ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर दी गई और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। वार्ड 2 के समस्त निवासियों ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि खबर के माध्यम से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान संभव हो सका।

# हथबंद में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**हथबंद।** सतनामी समाज परिक्षेत्र हथबंद में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गांव की विभिन्न गलियों से पंथी नृत्य एवं अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। शोभायात्रा में बहुत ही सुंदर पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, संजय वर्मा, मोहन धिगड़े, महामंत्री ईश्वरी मारखंडे, प्रेमलता वर्मा, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, जनपद प्रतिनिधि बबलू पटेल, शाला समिती उपाध्यक्ष विद्या वर्मा, हरिश वैष्णव, दिनेश वर्मा, जीवन साहू, मुकेश कश्यप, धन्ना निषाद, जीतू यादव, मोनू समुद्र, गोलू समुंद्र, शंकर ध्रुव, सोशल मिडिया प्रभारी धनी राम रजक, प्रकाश पाल, मनीष पाल, नोहर पाल, महेंद्र साहू, रोशन साहू, राकेश साहू, राजेश प्रजापति, जितेंद्र साहू, संतराम ध्रुव, अवधराम ध्रुव,भुपेंद्र पाल आदि भाजपा कार्यकर्ता बड़ह संख्या में क्षेत्र के जनपद प्रतिनिधि ऋषिकांत पटेल, हथबंद परिक्षेत्र सतनामी समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं, एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस ने बूथ लेवल एजेंट को नवीन मतदाता सूची वितरित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर बुधवार को खरोरा रेस्ट हाउस मे ब्लॉक कांग्रेस खरोरा का बूथ लेवल एजेंट बीएलए की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें खरोरा ब्लॉक के सभी 98 बूथों का नवीन मतदाता सूची सभी बीएलए को वितरित किया गया। इसमें सभी बीएलए को निर्देश दिया गया कि बीएलए मतदाता सूची का परीक्षण करें, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम कटा हो तो उसको जोड़ने एवं दावा आपत्ति करने का समय 22 जनवरी निर्धारित है, उस समय तक पूर्ण हो सके। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, गिरीश देवागन, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ विश्वनाथ मिश्रा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र गिलहरे, महिला ब्लॉक अध्यक्ष सरोजनी वर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस बबलु भाटिया, पूर्व प्रदेश सचिव जुबेर अली, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष खूबी डहरिया, पूर्व पार्षदगण संत नवरंगे, कपील नशीने, धनेश वर्मा, शंकर रात्रे, भानु प्रताप भट्ट, ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष अमित उईके, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मारकोष, वरिष्ठ कार्यकर्त्ता श्याम लाल बघेल एवं भागबली ध्रुव समस्त कांग्रेस के नेता एवं पदाधिकारी गण वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थित थे।

## अनुमान लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड के नियम आदि सिखाया

# स्काउट-गाइड और रोवर रेंजर जांच शिविर में 150 छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भारत स्काउट एंड गाइड इकाई तिल्दा नवीन प्राथमिक शाला माठ में विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट एंड गाइड एवं रोवर रेंजर प्रवेश और जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। शिविर संचालक एवं रेंजर शिविर संचालक साइना परवीन पीएमश्री भरत देवांगन उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा, रोवर शिविर संचालक तोकसिंह वर्मा शा उ मा वि बंगोली, स्काउट शिविर संचालक वीरेंद्र कुमार वर्मा, पूर्व माध्य विद्या भरुवाड़ीह कला, सहायक संचालक ताराचंद सोनी बरतोरी, गाइड शिविर संचालक कल्पना नायक पूर्व मा विद्या बंगोली, सहायक गाइड संचालक विद्या शर्मा थे। शिविर में लगभग 150 स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर ने भाग लेकर सामूहिक सहभागिता, अनुशासन, समय प्रबंधन, कम संसाधन में रहकर अपने आप को कठिन परिस्थिति में ढालना सीखा। स्काउट एवं गाइड को गांठे, लेसिंग, बीपी सिक्स, दिशा ज्ञान, अनुमान लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड के नियम आदि सिखाया गया। शिविर को सफल बनाने में नगर पंचायत उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा एवं प्रतिनिधि डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा, वीर कुमार वर्मा प्रधान पाठक ने चाय, नाश्ता, भोजन, रुकने की पूर्ण व्यवस्था की। समापन समारोह में विकासखंड आयुक्त एवं शिक्षा अधिकारी आरके दास ने बच्चों को इस शिविर में सीखे विभिन्न गुणों को अपनाकर अपने जीवन, विद्यालय, परिवार, समाज में अपने आपको एक अच्छे नागरिक सिद्ध करेंगे। दुलारी सुरेन्द्र वर्मा ने सभी प्रशिक्षकों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



# गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुईं विधायक कविता प्राण लहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर के समीपस्थ ग्राम रानीगढ़ में गुरु घासीदास की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ चंद्रशेखर भट्ट, लखेश्वर देवांगन, मिथलेश लहरे, सरपंच धनीराम बंजारे, अनीता बंजारे एवं राजकुमार जांगड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा बाबा गुरु घासीदास ने समाज को समानता, सत्य और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से बाबा के बताए मार्ग पर चलने, मानव-मानव एक समान की भावना को आत्मसात करने, नशापान से दूर रहने तथा सत्य और सदाचार के मार्ग पर जीवन जीने की अपील की। जयंती समारोह में भक्ति गीत, पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया और बाबा गुरु घासीदासजी के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।